भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1714

08 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

विजाग इस्पात संयंत्र

1714. श्री पी.आर. नटराजन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विजाग इस्पात संयंत्र की संघर्ष समिति के साथ कोई चर्चा की है जिसने राष्ट्रीय परिसंपत्ति, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और 60,000 से अधिक कामगारों और अधिकारियों की आजीविका को बचाने के लिए विजाग इस्पात संयंत्र के मौद्रीकरण को वापस लेने के लिए लगातार भूख हड़ताल कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस इस्पात संयंत्र के अधिकारियों और स्टाफ के भविष्य के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) प्रबंधन ने आरआईएनएल विनिवेश के मुद्दे पर आरआईएनएल के विभिन्न पंजीकृत यूनियनों के साथ चर्चा की है और संयंत्र के कार्य-निष्पादन और निरंतर उत्पादन में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है। भारत सरकार की इक्विटी के रणनीतिक विनिवेश से ईष्टतम उपयोग हेतु पूँजी का समावेश होगा, क्षमता का विस्तार होगा, प्रौद्योगिकी का संचार होगा और प्रबंधन प्रक्रियाएं बेहतर होंगी। इसके परिणामस्वरूप, उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा। रणनीतिक बिक्री के निबंधन और शर्तों को तय करते समय, मौजूदा कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की वैध चिंताओं को शेयर खरीद करार (एसपीए) में किए गए उपयुक्त प्रावधानों के माध्यम से समुचित निदान किया जाता है।

****